प्रेस नोट 08.07.2021

01 किलों 600 ग्राम नाजायज गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार–

दिनांक 07.07.2021 को थाना **चिरैयाकोट** पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिग के दौरान भैसही नदी पुलिया हुसैनाबाद के पास से मनीष चौहान पुत्र सुद्धीराम चौहान निवासी छत्तेउर थाना जहानागंज जनपद आजमगढ़ के कब्जे से 01 किलों 600 ग्राम नाजायज गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 103/21 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

60 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार–

दिनांक 07.07.2021 को थाना **मधुबन** पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान नुरूल्लाहपुर के पास से विजय बहादुर पुत्र हरिश्चन्द्र, राजेन्द्र पुत्र राजपति निवासीगण राजपुर परसिया देवारा थाना मधुबन जनपद मऊ के दोनो के कब्जे से 60 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 356/21 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

एक महिला सहित कुल 05 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 08.07.2021 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना **हलधरपुर** पुलिस द्वारा मुबारकपुर से मु0अ0सं0 215/21 धारा 384,506 भादवि0 में वांछित अभियुक्त आमोद सिंह उर्फ पुन्नी सिंह, अमित सिंह पुत्र आमोद सिंह निवासीगण मुबारकपुर थाना हलधरपुर, थाना **कोतवाली** पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर मऊ से मु0अ0सं0 266/21 धारा 370 भादवि0 में वांछित अभियुक्तगण मो0 सफी पुत्र मजलूद्दीन, रेशमा पत्नी सफी अहमद निवासीगण कबीरनगर थाना प्रतापनगर जनपद जोधपुर राजस्थान, धनश्याम पुत्र मोहनलाल निवासी डंगाबाद थाना मेरामा सीटी जनपद नागौर राजस्थान को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।